# VISION IAS

www.visionias.in

## GENERAL STUDIES (TEST CODE : 1836)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Candidate | RAKESH KUMAR MEENA | | |
| Medium Eng./Hindi | HINDI | Registration Number | 1901[illegible] |
| Center | ONLINE | Date | |

INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1 | 10 | |
| 2 | 10 | |
| 3 | 10 | |
| 4 | 10 | |
| 5 | 10 | |
| 6 | 10 | |
| 7 | 10 | |
| 8 | 10 | |
| 9 | 10 | |
| 10 | 10 | |
| 11 | 15 | |
| 12 | 15 | |
| 13 | 15 | |
| 14 | 15 | |
| 15 | 15 | |
| 16 | 15 | |
| 17 | 15 | |
| 18 | 15 | |
| 19 | 15 | |
| 20 | 15 | |

Total Marks Obtained:

Remarks:

## INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
   उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न–पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are **TWENTY** questions printed in **ENGLISH & HINDI**
   इसमें बीस प्रश्न है अंग्रेजी और हिन्दी में छपे है।
3. **All questions are compulsory.**
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
   प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
   प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न–सह–उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
   प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
   उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

16-B, 2nd Floor, Above National Trust Building, Bada Bazar Marg, Old Rajinder Nagar, Delhi-110060

Plot No. 857, 1st Floor, Banda Bahadur Marg (Opp Punjab & Sindh Bank), Dr. Mukherjee Nagar Delhi- 110009

Scanned with CamScanner

# EVALUATION INDICATORS

1. Contextual Competence
2. Content Competence
3. Language Competence
4. Introduction Competence
5. Structure - Presentation Competence
6. Conclusion Competence

Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:

1.

2.

3.

4.

5.

6.

All the Best

Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

1. The PM-AASHA scheme is aimed at improving procurement mechanism as well as ensuring remunerative prices for farmers. In this context, highlight the various components of the scheme and discuss the concerns associated with it. **(150 words) 10**

पीएम-आशा योजना का उद्देश्य खरीद तंत्र में सुधार के साथ-साथ किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना है। इस संदर्भ में, योजना के विभिन्न घटकों को रेखांकित कीजिए तथा इससे जुड़ी चिंताओं पर चर्चा कीजिए।

नाबार्ड की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 53% ग्रामीण कृषक परिवार ऋणग्रस्त है। इसका प्रमुख कारण किसानों की उपज को लाभकारी मूल्य फसलों का प्राप्त न होना।

इसी उद्देश्य (खरीद तंत्र में सुधार तथा मूल्य सुनिश्चित) के साथ PM-AASHA योजना 2018 केन्द्र सरकार द्वारा लायी गई

**प्रमुख घटक**

① निजी खरीद व स्टॉकिस्ट योजना → इसके तहत निजी खरीद तथा भंडारण को प्रोत्साहन देना

② मूल्य अंतराल भुगतान योजना :- अर्थात फसल मूल्य तथा MSP मूल्य में अंतराल पर भुगतान की जिम्मेदारी

## चिंताएं

1. फसलों के केवल सीमित भाग को सम्मिलित करना।
2. MSP का सर्वाधिक लाभ केवल क्षेत्र विशेष (पंजाब, हरियाणा) के किसानों को
3. तकनीकी चुनौतियाँ → सब्सिडी हस्तांतरण का समयबद्ध रूप नहीं
4. कृषि 'राज्यसूची' का विषय अतः राज्यों को सम्मिलित करना चाहिए
5. कृषि अवसंरचना पर सर्वाधिक ध्यान नहीं (जबतक APMC में व्यापक सुधार नहीं होगा तब तक खरीद प्रणाली को सुधारा नहीं जा सकता।

उपरोक्त चुनौतियों का व्यापक समाधान शांता कुमार समिति की सिफारिशों को लागू करना है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. Explaining the concept of blended finance, discuss the role it can play in mobilizing capital for infrastructure development in developing countries like India.

(150 words) 10

मिश्रित वित्त की अवधारणा की व्याख्या करते हुए, भारत जैसे विकासशील देशों में अवसंरचना विकास हेतु पूंजी जुटाने में इसकी भूमिका पर चर्चा कीजिए।

मिश्रित वित्त से आशय:- सरकारी तथा निजी निवेश का संयुक्त मॉडल

वर्तमान में सरकारी - निजी भागीदारी मॉडल की बढ़ती मांग मिश्रित वित्त की आवश्यकता को प्रबल बनाती है।

विकासशील देश में अवसंरचना विकास में भूमिका

1. विभिन्न PPP मॉडल (BOT, EPC, HAM) के माध्यम से अवसंरचना विकास (भारत की लॉजिस्टिक लागत वैश्विक औसत से अधिक)

2. मिश्रित पूंजी के साथ तकनीकी तथा प्रबंधकीय गुणवत्ता में भी वृद्धि (वंदेभारत मिशन से रेलवे की अवसंरचना में सुधार)



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(3) सरकार का मुख्य ध्यान सामाजिक पूंजी निर्माण में अतः अवसंरचना पूंजी में निजी भागीदारी की आवश्यकता

(4) वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भागीदारी निर्माण के लिए (अभी केवल 2%) अवसंरचना निवेश को बढ़ाकर उद्यमों को लागत प्रतिस्पर्धी बनाना

(5) अवसंरचना पर निवेश WTO के व्यापार अनुपालन संबंधी दिशा-निर्देशों से सुसंगता

अतः जैसे विकसित देशों में निहित दिखा कि केवल अवसंरचना में निवेश को बढ़ाकर लॉजिस्टिक परफॉर्मेंस इंडेक्स में सुधार लाएगा बल्कि रोजगार के अवसर बनाकर जनांकिकीय लाभांश को भी मजबूत करने में भूमिका अदा करेगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)



Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. Discuss the challenges faced in the revival and revamp of dry ports in India and state the measures that can be adopted in this regard.

(150 words) 10

भारत में शुष्क पत्तनों (ड्राई पोर्ट्स) के पुनरुद्धार और सुधार में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा कीजिए तथा इस संबंध में अपनाए जाने वाले उपायों का सुझाव दीजिए।

भारत में शुष्क पत्तनों से तात्पर्य ऐसे पत्तन जो प्रत्यक्ष तौर पर समुद्री तटों से नहीं जुड़े होते हैं बल्कि मल्टीमॉडल-कनेक्टिविटी के माध्यम से समुद्री पत्तनों से जुड़े होते हैं।

चुनौतियाँ

① अवसंरचनात्मक → logistics हैंडलिंग संबंधी आवश्यक बुनियादी ढांचे की कमी

② मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी का अभाव – सड़क, रेल (सर्विस-कोयला), वायुयान संबंधी संपर्कता में कमी

③ आवश्यक तकनीकी तथा मानव संसाधनों का अभाव –



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

VISION IAS™ 1836

(4) राज्यों से समन्वय का अभाव- भूमि अधिग्रहण संबंधी, बिजली आपूर्ति संबंधी चुनौतियाँ

(5) निजी क्षेत्र निवेश की सीमितता

(उपाय)

(1) PM गतिशक्ति योजना के एक भाग के रूप में शुष्क पत्तनों के नवीनीकरण को बढ़ावा देना

(2) राज्यों के साथ मिलकर आवश्यक शुष्क पत्तन नीति को लागू करना

(3) निजी क्षेत्र की भागीदारी के साथ आवश्यक तकनीकी व मानवीय क्षमता संवर्धन को बढ़ावा देना

शुष्क पत्तन भारत के भू आबद्ध राज्यों की वस्तुओं के निर्यात में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा सकते हैं।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. Monoculture is one of the major threats to ensuring food security and sustainability of Indian agriculture. Discuss. (150 words) 10
एकल कृषि (मोनोकल्चर) खाद्य सुरक्षा और भारतीय कृषि की संधारणीयता सुनिश्चित करने के समक्ष विद्यमान प्रमुख खतरों में से एक है। चर्चा कीजिए।

मोनोकल्चर:- किसी भौगोलिक क्षेत्र में केवल कुछ विशेष फसलों को बढ़ावा देना। जैसे ब्रिटिश काल में नकदी फसलों को बढ़ावा देना

खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा

① MSP के कारण केवल गेहूं तथा चावल को अधिक बढ़ावा जिसके चलते पोषण आधारित फसलों के उत्पादन का कम होना (भारत में Hidden Hunger को बढ़ावा)

② महाराष्ट्र तथा उत्तरप्रदेश में गन्ने की फसल को बढ़ावा (FRP के कारण) जिससे जल संकट के साथ खाद्य फसलों की विविधता में कमी

कृषि संधारणीयता

① मोनोकल्चर मिट्टी की गुणवत्ता में कमी



Scanned with CamScanner

को प्रोत्साहित करती है।

② कृषि विविधता तथा फसल प्रतिरूप पैटर्न को नुकसान

③ सरसों की फसल नहीं होने से मधुमक्खी पालन प्रभावित अतः मोनोकल्चर से कृषि संबद्ध गतिविधियाँ भी प्रभावित

④ भूमि के बंजरीकरण मे बढ़ावा (कारण- मिट्टी की लवणता में वृद्धि, अत्यधिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों का प्रयोग)

अतः स्वामीनाथन आयोग तथा अशोक दलवई समिती की सिफारिश अनुसार फसल विविधता प्रतिरूप तथा MSP के क्षेत्र मे विस्तार करना चाहिए ताकि कृषि विविधता तथा खाद्य विविधता सुरक्षित रहे।



Scanned with CamScanner

5. While highlighting the impact of single-use plastic on health and the environment, state the recent efforts taken by the government to curb plastic pollution in India. (150 words) 10

स्वास्थ्य और पर्यावरण पर एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के प्रभाव को रेखांकित करते हुए, भारत में प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार द्वारा हाल ही में किए गए प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) की रिपोर्ट के अनुसार भारत प्रतिवर्ष ~8 मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक अपशिष्ट का उत्पादन करता है।

**स्वास्थ्य प्रभाव**

① खाद्य श्रृंखला का हिस्सा। पाचन तंत्र को नुकसान

② प्लास्टिक दहन से निकलने वाली हानिकारक गैसें श्वसन तंत्र तथा आँखों को प्रभावित

③ प्लास्टिक में उपस्थित रसायन जल जनित रोगों को बढ़ावा देते हैं।

④ पशुओं द्वारा ग्रहण करने पर आँतों में जमा जो मौत का कारण

**पर्यावरण पर प्रभाव**

① नदी प्रवाह तंत्र को बाधित जिससे शहरी बाढ़ जैसी घटनाएँ

② भूजल को प्रभावित (लीचिंग के माध्यम से)

③ प्लास्टिक Biodegradable नहीं होते हैं अतः जैवविविधता को लंबे समय तक नुकसान



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

Plastic प्रदूषण को रोकने के लिए सरकारी प्रयास

① प्लास्टिक प्रदूषण रोकने संबंधी नियमों तथा समय समय पर संशोधन (प्लास्टिक की मोटाई मे 100 माइक्रोन की वृद्धि)

② सिंगल-यूज प्लास्टिक पर पूर्णतया प्रतिबंध

③ जूट आधारित बॅग को प्रोत्साहित करने वाले व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम

④ राज्यों के साथ भागीदारी कर स्थानीय विक्रेताओं पर Plastic थैलियों पर प्रतिबंध लगाना

सरकारी प्रयासों के साथ व्यक्तिगत व सामाजिक स्तर पर 'Nudge theory' के माध्यम से सुधार लाना होगा।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. Aapda Mitra – a force of volunteers from across India trained in disaster response – is becoming a game changer in the field of disaster management in the country. Elaborate. (150 words) 10

आपदा मित्र-आपदा प्रतिक्रिया हेतु प्रशिक्षित भारत भर के स्वयंसेवकों का एक बल-देश में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक गेम चेंजर के रूप में उभर रहा है। सविस्तार वर्णन कीजिए।

नीति आयोग की रिपोर्ट : 'आपदा : एक सामुदायिक समाधान' के अंतर्गत सामुदायिक भागीदारी की क्षमता निर्माण तथा जागरूकता पर ध्यान देने की बात कही गयी है।

आपदा मित्र स्कीम ऐसी ही

सामुदायिक भागीदारी आधारित प्रक्रिया है जिसमें स्थानीय समुदाय के व्यक्तियों के क्षमता निर्माण के माध्यम से आपदा पूर्व आपदा-दौरान तथा आपदा-पश्चात प्रतिक्रियाओं को बेहतर ढंग से समाधान किया जा सकता है।

आपदा-पूर्व :-

① स्थानीय आपदा मित्रों के माध्यम से संवेदनशील लोगों की पहचान करना

② आपदा मित्रों को प्रशिक्षित करना (NDRF द्वारा)



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

आपदा समय :-

① आपदा मित्रों के माध्यम से राहत व बचाव कार्य करवाना

② स्थानीय भाषा में आपदा के समय राहत जानकारी प्रसारित करना (आपदा मित्रों के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से)

आपदा पश्चात

① आपदा से प्रभावित लोगों के पुनर्वास व्यवस्था, खाद्य व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पहुंचाना

② आपदा प्रभावित क्षेत्रों मे आपदा मित्र भावनात्मक संबंधों को सुदृढ़ करने में सहायता प्रदान करते है।

समुदाय के माध्यम से समुदाय समस्याओं का समाधान Bottom-up Approach का बेहतरीन उदाहरण है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)



Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

7. Why is the rise in lone wolf attacks considered as a serious challenge for security agencies around the world? Highlight the role of the internet in exacerbating such attacks. (150 words) 10

विश्व भर में लोन वुल्फ हमलों में वृद्धि को सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक गंभीर चुनौती क्यों माना जाता है? ऐसे हमलों की वृद्धि में इंटरनेट की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

लोन-वुल्फ हमले : जब किसी एकल व्यक्ति द्वारा वैचारिक पूर्वाग्रह या द्वेष के कारण आतंकवादी हमला किया जाता है तो वह लोन-वुल्फ हमले की श्रेणी मे आता है जैसे- न्यूजीलैंड में चर्च मे हमला, अमेरिका सैन-फ्रांसिस्को राज्य के स्कूल मे हमला आदि

गंभीर चुनौती क्यों?

1. ऐसे हमलावर किसी आतंकवादी समूह का हिस्सा नही होते है केवल उनकी विचारधारा से प्रभावित होते है।

2. ऐसे हमलावर समाज के सामान्य लोगों के भीतर तनावग्रस्त लोग होते हैं जिनको पहचानना स्थानीय समुदाय या पुलिस के लिए भी मुश्किल

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

③ ऐसे हमलावरों को कोई फंडिंग नहीं करता ये स्वयं के खर्चों से हथियार खरीद कर हमला करते हैं।

④ धार्मिक पूर्वाग्रहों या नस्ल विशेष के प्रति नफरत के अलावा भी ऐसे हमलों के कारण (बेरोजगारी, प्रवासियों के प्रति नफरत आदि)

## Internet की भूमिका

① कट्टरपंथी साहित्यों तक पहुँच

② ISIS जैसे संगठनों द्वारा डार्क वेब का उपयोग कर विचारधारा को प्रोत्साहन

③ सोशल मीडिया के माध्यम से धार्मिक पूर्वाग्रहों नस्लभेदी टिप्पणियों तथा प्रवासियों के प्रति भेदभावपूर्ण पोस्ट से आकर्षित हो हमला करते हैं।

④ स्वयं की व्यक्तिगत पहचान स्थापित करना

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

8. The fundamental inefficiencies embedded in our military structures and processes are now being addressed through a slew of defence reforms in the country. Discuss. (150 words) 10

हमारे सैन्य ढांचे और प्रक्रियाओं में अंतर्निहित मूलभूत अक्षमताओं को अब देश में विभिन्न रक्षा सुधारों के माध्यम से दूर किया जा रहा है। चर्चा कीजिए।

SIPRI के अध्ययन के अनुसार भारत 48% हथियार रूस से आयात करता है यह भारत की विदेशी हथियारों पर निर्भरता को प्रदर्शित करता है।

**सैन्य ढांचे और प्रक्रियाओं मे मूलभूत अक्षमताएँ**

1. रक्षा आयात पर अत्यधिक निर्भरता (70% हथियारों की मांग पूर्ति आयात से)
2. विभिन्न सैन्य बलों मे महिलाओं की भागीदारी कम (नौसेना (7%), वायुसेना (1%), थलसेना (0.5%))
3. रक्षा संबंधी हथियारों के अधिग्रहण में अत्यधिक समय (राफेल संबंधी डील में अत्यधिक समय)
4. सभी सैन्य बलों मे आपसी समन्वय की कमी
5. रक्षा क्षेत्र में निजी भागीदारी तथा अनुसंधान एवं विकास की कमी



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस स्थान में कुछ मत लिखें)

रक्षा सुधार

① रक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 का निर्माण

② एकीकृत थिएटर कमांड तथा चीफ ऑफ डिफेंस की स्थापना

③ NDA परिसरों तथा स्थायी आयोग में महिलाओं की भागीदारी संबंधी निर्णय

④ नई सुरक्षा चुनौतियों के समाधान के लिए Defence cyber agency का निर्माण

⑤ विभिन्न सैन्य अभ्यासों जैसे मालाबार, SIMBEX आदि से सैन्य क्षमता सुदृढीकरण

अतः सैन्य क्षमताओं में वृद्धि भारत की महत्वपूर्ण नेतृत्व क्षमता में बढ़ोतरी कर सकती है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

9. In light of the recent establishment of the WHO Global Centre for Traditional Medicine in India, discuss the advantages and challenges in mainstreaming traditional medicine in the country. (150 words) 10

हाल ही में, भारत में डब्ल्यू. एच. ओ. ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन की स्थापना के आलोक में, देश में पारंपरिक चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के लाभों और चुनौतियों पर चर्चा कीजिए।

प्राचीनकाल से ही भारत में योग, आयुष, यूनानी, सिद्ध, सोवा, रिग्पा जैसी चिकित्सा पद्धतियाँ प्रचलित रही हैं।

पारंपरिक चिकित्सा के लाभ

① आधुनिक चिकित्सा के कारण बढ़ता out of Pocket expanditure (वर्तमान में 60%)

② ग्रामीण स्तर पर PHC सुविधाओं का अभाव अतः पारंपरिक चिकित्सा का अनुभव लाभकारी

③ पारंपरिक चिकित्सा कम संसाधनों की आवश्यकता अतः अर्थव्यवस्था लाभ

④ Medical tourism (वर्तमान में $ 20bn) को बढ़ावा जो विदेशी मुद्रा अंतर में वृद्धि

⑤ बौद्धिक संपदा अधिकार में वृद्धि

(चुनौतियाँ)

① पारंपरिक चिकित्सा पद्धति एवं ज्ञान की कमी प्रक्रिया तथा जानकारी का अभाव

② लोगों में आयुष पद्धति के प्रति आकर्षण का अभाव

③ पारंपरिक चिकित्सकों की कमी जिससे प्रचार-प्रसार का अभाव

④ स्वास्थ्य राज्य सूची का विषय अतः केंद्र-राज्य समन्वय में बाधा

⑤ परंपरागत ज्ञान को सहेजने में तकनीकी बाधाएं

अतः उपरोक्त चुनौतियों के

निवारण के लिए सरकार द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बढ़ावा जैसे मिशन चलाए जा रहे हैं।

Don't write anything this margin
इस स्थान में कुछ मत लिखें

10. Nano Urea Liquid has the potential to transform farming in India and across the world by improving productivity while reducing environmental pollution and input cost. Discuss. (150 words) 10

नैनो यूरिया लिक्विड में पर्यावरण प्रदूषण और इनपुट लागत को कम करने के साथ-साथ उत्पादकता में सुधार करके भारत और विश्व भर में कृषि कार्य को रूपांतरित करने की क्षमता है। चर्चा कीजिए।

भारत में उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि लवणता में वृद्धि, उत्पादकता में कमी साथ ही कृषि आगतों में भी वृद्धि होती है।

नैनो यूरिया लिक्विड : नैनो स्तर पर तकनीकी प्रयोग कर नैनो यूरिया लिक्विड पर्यावरण प्रदूषण और input cost कम करने में सहायक हो सकता है।

पर्यावरण प्रदूषण : (1) केवल निर्धारित आवश्यकता अनुरूप उर्वरक प्रयोग

(2) पौधों की जड़ों में अतः आवश्यक उर्वरक छिड़काव में कमी

(3) मिट्टी की गुणवत्ता में वृद्धि साथ ही soil organic compund (SOC) में भी वृद्धि

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(Input cost में कमी) → ① नैनो यूरिया की लागत परंपरागत यूरिया से कम

② सरकारी सब्सिडी में कमी जिससे राजकोषीय भार में कमी – CAD ↓

③ मिट्टी गुणवत्ता में सुधार से कम उर्वरक की आवश्यकता

अतः नैनो लिक्विड यूरिया, नीम लेपित यूरिया की तरह भूमि की उत्पादकता के साथ-साथ इनपुटों की लागत में कमी करके आय को दुगना करने, साथ पर्यावरण हितैषी विकल्प के रूप मे सामने आया है।


11. Discuss the ... Also, enum...

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

11. Discuss the domino effect of high crude oil prices on the Indian economy. Also, enumerate the measures that India can take in this context. (250 words) 15


भारतीय अर्थव्यवस्था पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के डोमिनो प्रभाव की विवेचना कीजिए। साथ ही, भारत द्वारा इस संदर्भ में अपनाए जा सकने वाले उपायों को सूचीबद्ध कीजिए।

भारत लगभग 80% तेल की आपूर्ति आयात के माध्यम से पूरी करता है। प्रमुख तेल आयातक देश - सऊदी अरब, UAE, USA, ईरान तथा रूस




उपरोक्त कारणों के कारण

तेल की ऊंची कीमतों का डोमिनो प्रभाव -




कच्चे तेल की ऊँची कीमतें

भारत की विदेश नीति को भी प्रभावित करती है। अतः भारत को इस संदर्भ में निम्न उपाय अपनाने चाहिए

① तेल आयातित देशों में विविधता लाना।

② गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोतों में

निवेश को प्राथमिकता देना (जैसे- सौर, पवन)

(3) ईरान की तरह रुपये मूल्य में तेल की कीमतों का भुगतान करना ताकि विनिमय दर से बचा जा सके।

(4) स्थानीय क्षेत्रों में निवेश व अनुसंधान को बढ़ावा देना, साथ ही निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना (भारत के तेल क्षेत्र का केवल 10% उपयोग)

(5) बायोडीजल, मेथेनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधनों को प्रोत्साहित करना (हरित हाइड्रोजन नया विकल्प)

इस तरह भारत न केवल चालू खाता घाटा कम कर सकता है बल्कि बेहतर विदेश नीति का निर्माण भी कर सकता है।

Don't write anything this margin (इस हाशिए में कुछ मत लिखें)

**12.** The consistent high operating ratio of the Indian Railways is indicative of its incapability to generate high operational surplus. Explain the reasons behind this trend. Also, highlight the remedial measures taken by the government in this regard. (250 words) 15

भारतीय रेलवे का लगातार उच्च परिचालन अनुपात उच्च परिचालन अधिशेष सृजित करने में असमर्थता का संकेत है। इस प्रवृत्ति हेतु उत्तरदायी कारणों को स्पष्ट कीजिए। साथ ही, इस संबंध में सरकार द्वारा किए गए उपचारात्मक उपायों को रेखांकित कीजिए।

'आम आदमी के परिवहन' के नाम से जाना जाने वाला रेलवे 93% high operating ratio से संचालित होता है। (आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22)

उच्च परिचालन अधिशेष सृजित न होने के कारण:

① क्रास सब्सिडाइजेशन → माल भाड़ा परिवहन से प्राप्त आय का उपयोग यात्री परिवहन घाटे की भरपाई के लिए

② केवल ~27% माल भाड़ा का परिवहन रेलवे के माध्यम से (सड़क परिवहन की ~70% भागीदारी)

③ रेलवे लाइन का विस्तार तथा आधुनिकीकरण में कमी जिससे माल के परिवहन में अधिक समय अतः अप्रतिस्पर्धी

④ रेलवे से संबंधित दुर्घटनाओं में वृद्धि

⑤ रेलवे में माल के लोडिंग तथा unloading में समय अधिक (मानव संसाधनों के अभाव)

⑥ बजट में रेलवे का किराया में परिवर्तन न करना (किराया का राजनीतिकरण)

अतः उपरोक्त कारणों के कारण रेलवे एक लाभकारी उपक्रम नहीं रह जाता है —

भारत सरकार द्वारा उपाय

① रेलवे स्टेशनों में विज्ञापनों के माध्यम से पूंजी जुटाना



Scanned with CamScanner

Don't write anything in this margin
(इस भाग में कुछ न लिखें)

(2) वंदे भारत जैसे मिशनों के माध्यम से रेलवे में निजीकरण को बढ़ावा देना।

(3) डेडिकेटेड फ्रेट-कॉरिडोर का निर्माण करना ताकि मालभाड़ा परिवहन प्रतिस्पर्धी बन सके।

(4) बिबेक देबरॉय समिति की सिफारिश पर रेलवे बजट का सामान्य बजट में विलय

रेलवे परिवहन की दक्षता में सुधार कर न केवल logistic cost को कम किया जा सकता है बल्कि वैश्विक स्तर पर निर्यात में प्रतिस्पर्धा भी बढ़ाई जा सकती है।



Scanned with CamScanner

13. Micro food processing sector is the key driver of growth in the Indian economy as it encourages food processing innovation. In this context, state the challenges faced by the micro food processing sector and discuss how the recent initiatives taken by the government aim to address them.

(250 words) 15

सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रक भारतीय अर्थव्यवस्था में संवृद्धि का प्रमुख चालक है क्योंकि यह खाद्य प्रसंस्करण नवाचार को प्रोत्साहित करता है। इस संदर्भ में, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रक द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों का उल्लेख कीजिए और चर्चा कीजिए कि किस प्रकार सरकार द्वारा हाल ही में प्रारंभ की गई पहलों का उद्देश्य इनका समाधान करना है।

अशोक दलवाई समिति खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को किसानों की आय दुगुनी करने में महत्वपूर्ण घटक मानती है।

खाद्य प्रसंस्करण :— संवृद्धि का प्रमुख चालक

① वर्तमान समय में ~40% कृषि GDP में भागीदारी

② ~40 million लोगों को रोजगार देने की प्रबल संभावना

③ कृषि अपशिष्ट रोकथाम में भूमिका
( FAO के अनुसार ~40% खाद्य अपशिष्ट फसल कटाई उपरांत )

सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र :— खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की विशिष्ट अवधारणा जहाँ खाद्य

Don't write anything in this margin


पदार्थों का बेहतर ढंग से प्रबंधन तथा प्रसंस्करण किया जाता है ताकि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य वस्तुएँ प्राप्त हों।

सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की चुनौतियां

1. वित्त तथा तकनीक की समस्या
2. मौसमी परिवर्तनों के चलते खाद्य पदार्थों की निरंतर आपूर्ति में बाधा
3. कोल्ड स्टोरेज तथा परिवहन संबंधी समस्या
4. फारवर्ड - बैकवर्ड अवसंरचना की कमजोर स्थिति
5. उपभोक्ताओं के मध्य जागरूकता का अभाव
6. भूमि अधिग्रहण संबंधी समस्या

सरकार द्वारा 'FARM TO FORK' अवधारणा को बढ़ावा देने

के लिए कई पहलें start की हैं.




उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत

भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा साथ ही भारत ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भागीदारी बढ़ाने के लिए Supply chain Resilient Initiative (SCRI) में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है।

14. Despite efforts by successive governments, equitable growth remains elusive and income inequality continues to persist in India. Discuss. (250 words) 15

क्रमिक सरकारों के प्रयासों के बावजूद, न्यायसंगत विकास दुष्प्राप्य बना हुआ है और भारत में आय असमानता निरंतर बनी हुई है। चर्चा कीजिए।

न्यायसंगत विकास :- वर्ल्ड बैंक के अनुसार – किसी देश के संसाधनों का उस देश की जनसंख्या में समतापूर्ण वितरण (भारत मे नीतिनिर्देशक तत्व के संगत अवधारणा)

न्यायसंगत विकास दुष्प्राप्य क्यों ?

(1) अशिक्षा तथा गरीबी (2011 की जनगणना 76% साक्षरता दर तथा तेंदुलकर समिति के अनुसार 29% लोग गरीबी रेखा से नीचे

(2) अमर्त्य सेन की 'क्षमता उपागम' का बेहतर प्रयोग नहीं (शिक्षा में Vocational तथा वैज्ञानिक शिक्षा पर कम जोर)

③ महिलाओं की समाज में कमतर स्थिति (पितृसत्तात्मक सोच, लैंगिक भेदभाव, यौन शोषण, कृषि का महिलाकरण)

④ संसाधनों के वितरण में कमी उपलब्धता की अवधारणा (लाइसेंस राज, लालफीता-शाही तथा भ्रष्टाचार संबंधी समस्या)

⑤ स्थानीय निकाय संस्थाओं का देरी से प्रावधान तथा वर्तमान समय में भी आवश्यक संसाधनों का अभाव

⑥ वैश्विक स्तर पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में केवल 2% भागीदारी के कारण बाहरी बाजारों के लाभों में कम भागीदारी

इन सब कारणों के सम्मिलित प्रभाव के कारण 6x fam. की रिपोर्ट में आय असमानता उजागर होती है –



Scanned with CamScanner

भारत के उच्च धनी लोगों के 1% जनसंख्या के पास 70% आय संपत्ति संग्रहीत है।

Way forward :-

1. शिक्षा तथा कौशल विकास को बढ़ावा
नई शिक्षा नीति 2020 तथा कौशल भारत मिशन

2. गांधी जी की ट्रस्टीशिप अवधारणा के बारे में जागरूकता फैलाना
(सार्वजनिक नियमित उपयोगिताओं का बेहतर ढंग से लागू करना)

3. महिलाओं की श्रमबल में भागीदारी बढ़ाना (मैकेन्जी रिपोर्ट → GDP में ~7% की वृद्धि की संभावना)

4. Universal Basic Income जैसी अवधारणाओं को लागू करना।

आय समानता भारत के समावेशी विकास को बढ़ाने के लिए आवश्यक है।


Don't write anything in this margin

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

**15.** Stating the factors that determine the employment situation of an economy in the long-term, discuss the measures that are needed for India to address its unemployment problem. **(250 words) 15**

किसी अर्थव्यवस्था की दीर्घावधि में रोजगार की स्थिति को निर्धारित करने वाले कारकों का उल्लेख करते हुए, उन उपायों की विवेचना कीजिए जो भारत में बेरोजगारी की समस्या के समाधान हेतु आवश्यक है।

Periodic labour force report के अनुसार भारत में बेरोजगारी की दर 2020-21 में 8.7% के उच्चतम स्तर पर थी जो 2021-22 में घटकर 6.7% रह गयी है।

रोजगार की दीर्घावधि को निर्धारित करने वाले कारक —

① व्यक्तिगत स्तर पर —
- शिक्षा व कौशल का स्तर
- शारीरिक स्वास्थ्य

② आर्थिक स्तर पर —
- औद्योगिक विकास सूचकांक की स्थिति
- प्रौद्योगिकी अवसंरचना
- क्षेत्रीय विकास
- राष्ट्रीय आर्थिक संवृद्धि दर

(3) नीतिगत स्तर पर —
- राष्ट्रीय कौशल विकास योजनाओं का क्रियान्वन
- व्यापार करने की सरलता संबंधी बाधाओं को दूर करना

(4) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर —
- FDI का निवेश
- ग्लोबल आपूर्ति श्रृंखला में भागीदारी
- तेल उत्पादन तथा मूल्यों की स्थिरता
- मुद्रा विनिमय प्रणाली की स्थिरता

बेरोजगारी समस्या समाधान

(1) चक्रीय बेरोजगारी की स्थिति में
— अर्थव्यवस्था में मांग आधारित व्यवस्था को बढ़ाना

(2) घर्षण बेरोजगारी की स्थिति में
— आवश्यक कौशल तथा क्षमता

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

निर्माण पर फोकस करना जैसे नई तकनीक (AI) आधारित कौशल विकास

③ प्रच्छन्न बेरोजगारी की स्थिति में

- कृषि से अलग खाद्य प्रसंस्करण, औद्योगिक स्तर पर MSME के विकास को बढ़ावा देना

④ संरचनात्मक बेरोजगारी की स्थिति में

- अर्थव्यवस्था में गतिशीलता/योग्यता
- सड़क अवसंरचना तथा कर संबंधी सुधारों को लागू करना

भारत जनसांख्यिकी लाभांश की स्थिति में है (67% जनसंख्या कार्यशील उम्र में) अतः आवश्यक मानव पूंजी में निवेश कर $ 10 trillion अर्थव्यवस्था की तरफ अग्रसर हो सकता है।


Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

16. In view of the rapidly increasing socio-economic damage caused by disasters, integrating Disaster Risk Reduction (DRR) into development planning requires an effective stakeholder engagement mechanism. Discuss. (250 words) 15

आपदाओं के कारण तेजी से बढ़ रही सामाजिक-आर्थिक क्षति को देखते हुए, आपदा जोखिम न्यूनीकरण (DRR) को विकास योजनाओं में एकीकृत करने के लिए एक प्रभावी हितधारक जुड़ाव तंत्र की आवश्यकता है। विवेचना कीजिए।

भारत का ~25% भाग भूकंप प्रवण, ~12% भाग बाढ़ प्रवण
सूखा प्रवण तथा ~40% भाग बाढ़ प्रवण
जैसी आपदाओं के प्रति सुभेद्य है,

आपदाओं के कारण सामाजिक - आर्थिक क्षति






Scanned with CamScanner

आपदा जोखिम न्यूनीकरण (DRR) ऐसी व्यवस्था जो आपदाओं के प्रभाव को न्यून करती हो जैसे वनीकरण को बढ़ावा, भूकंपरोधी बिल्डिंगों का निर्माण आदि

DRR तथा विकास योजनाओं का एकीकरण

① शहरी नियोजन में - भवन निर्माण संहिता में जलसंरक्षण तथा व्यवस्थित जल प्रवाह प्रणाली का नियोजन (ड्रोन तकनीक का उपयोग)

② पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटन, उद्योग संबंधी विकास के साथ भू-विज्ञान संबंधी आंकलन, पर्यावरण प्रभावी आंकलन (EIA) को जोड़ना

③ स्थानीय स्तर पर संवेदनशील क्षेत्रों की मैपिंग तथा जोनिंग का मानचित्रण



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

विभिन्न हितधारक हार्मोनी

① 'आपदा' को समवर्ती सूची में शामिल कर राज्य-केन्द्र संघवादी सहयोग।

② स्थानीय स्तर पर सामुदायिक क्षमता निर्माण तथा प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान

③ सिविल संगठनों, NGO's तथा सोशल मीडिया को हितधारकों में शामिल करना।

④ सीमापारीय आपदाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग तथा सेंडई फ्रेमवर्क को लागू करना।

⑤ IMD की स्थानीय मौसम सेल का गठन करना।

आपदाएँ मानवीय तथा प्राकृतिक कारणों का सम्मीलित रूप है इसे दोनो के बेहतर समन्वय से ही समाधान किया जा सकता है।


17. Provide an account of the existing carbon trading mechanisms in India. Also, discuss the significance of an efficient carbon trading market in the country and state the challenges that currently exist. (250 words) 15

भारत में मौजूदा कार्बन व्यापार तंत्र का विवरण प्रस्तुत कीजिए। साथ ही, देश में एक कुशल कार्बन व्यापार बाजार के महत्व पर चर्चा कीजिए और वर्तमान समय में विद्यमान चुनौतियों का उल्लेख कीजिए।

UNEP की रिपोर्ट के अनुसार भारत तीसरा सबसे बड़ा ग्रीन हाउस गैस (GHG) उत्सर्जन वाला देश है।

कार्बन व्यापार तंत्र:- व्यापारिक परिवेश के अंतर्गत प्रति टन कार्बन मूल्य के हिसाब से कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रतिबद्ध होना।

भारत में



कुशल कार्बन व्यापार बाजार तंत्र कामकाज

① पेरिस समझौते के तहत गठित प्रतिबद्धताओं का पालन

② कार्बन उत्सर्जन कम करने के प्रति प्रतिबद्धता → जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशीलता का प्रदर्शन

③ कम उत्सर्जन करने से मौद्रिक मूल्य विस्तार - जो स्वच्छ प्रौद्योगिकी विशेष में अधिकार

④ OECD की रिपोर्ट के अनुसार कम उत्सर्जन GDP में 2-3% की वृद्धि कर सकता है।

वर्तमान में विद्यमान चुनौतियाँ

① भारत एक विकासशील देश जो औद्योगिक विकास की राह पर अतः उत्सर्जन कम करना चुनौतीपूर्ण

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

② स्वच्छ प्रौद्योगिकी के लिए आवश्यक वित्तीय तथा तकनीकी संसाधनों का अभाव

③ विकसित देशों द्वारा ग्रीन क्लाइमेट फंड का गठन न करना तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का विरोध

④ कोयला आधारित विद्युत उत्पादन के लिए निर्भरता (70% ऊर्जा आपूर्ति)

अतः आवश्यकता कॉमन बट डिफरेंशियल रेस्पांसिबिलिटी (CBDR) को लागू कर विकसित देशों द्वारा तकनीकी व वित्तीय सहयोग की है।


—×—

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

18. The menace of drug trafficking in India has been on a rise due to a mix of factors, both internal and external. Discuss. Also, state the challenges posed by drug trafficking to India's national security. (250 words) 15

भारत में ड्रग ट्रैफिकिंग का खतरा आंतरिक और बाह्य दोनों कारकों के समन्वय के कारण बढ़ रहा है। चर्चा कीजिए। साथ ही, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष ड्रग ट्रैफिकिंग से उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख कीजिए।

ड्रग ट्रैफिकिंग : मादक पदार्थों का अवैध तरीके से सीमापारीय आदान-प्रदान




आंतरिक कारक :-

① IB की रिपोर्ट के अनुसार राजनीतिक - प्रशासनिक - संगठित अपराधों का Nexus (वोहरा समिति)

② बेरोजगारी तथा अत्यधिक शहरी तनाव → युवाओं को आकर्षित

③ NSDP जैसे कानूनों के क्रियान्वयन




Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

में कमी

## बाह्य कारक:-


1. भारत की छिद्रित सीमाएँ
2. गोल्डन क्रेसेंट तथा गोल्डन ट्राइंगल के समीप अवस्थित सीमाएँ
3. मनी लॉन्ड्रिंग तथा संगठित अपराधों की बढ़ती प्रवृत्तियाँ
4. चीन तथा पाक जैसे देशों द्वारा गैर राज्य अभिकर्ता के माध्यम से बढ़ावा






Scanned with CamScanner

राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष चुनौतियाँ





ड्रग को निदान के रूप में

ड्रग्स तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित के लिए सरकारों को विभिन्न हितधारकों के मध्य समन्वय तथा बेहतर कानूनी व जागरूकता कार्यक्रम की आवश्यकता है।

19. The Andaman and Nicobar islands' strategic significance in the Indian Ocean region (IOR) has been underplayed by India's policy of 'masterly inactivity and benign neglect'. Critically discuss. (250 words) 15

हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के रणनीतिक महत्व को भारत की 'कुशल अकर्मण्यता और सौम्य उपेक्षा' की नीति के तहत कम करके आंका गया है। समालोचनात्मक चर्चा कीजिए।

अंडमान निकोबार द्वीप समूह भारत के पूर्वी भाग में बंगाल की खाड़ी में अवस्थित है।




हिंद महासागर क्षेत्र में अंडमान निकोबार द्वीप समूह का रणनीतिक महत्व —

(1) भारत का 90% मात्रा मे तथा 70% मूल्य मे व्यापार हिंद महासागर क्षेत्र से

(2) A&N द्वीप भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण हिस्सा

(3) चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' नीति के प्रतिरोध तथा भारत की



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)



मौसम तथा SAGAR परियोजना के लिए महत्वपूर्ण भाग

(4) 'मलक्का इंड' तथा सी लाइन ऑफ कम्युनिकेशन (SLOC's) के मध्य A&N की महत्वपूर्ण अवस्थिति

(5) ब्लू इकोनॉमी (Blue economy) तथा पॉली मैटेलिक नॉड्यूल्स (PMN) के साथ ऊर्जा मांग की आवश्यकताओं की पूर्ति

(6) तस्करी जैसे समुद्री परंपरागत अपराधों को रोकने में महत्वपूर्ण भौगोलिक अवस्थिति

कम करके आंका :-

(1) हवाई अवसंरचना का अभाव

(2) A&N द्वीप समूह में समुद्री

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

तट रक्षक बलों की आवश्यक संख्या में कमी

(3) समुद्री पनडुब्बियों की उपस्थिति भी पर्याप्त नहीं

(4) स्थित थियेटर कमांड में A&N द्वीप समूह के लिए विशेष प्रावधान नहीं

(5) A&N द्वीप समूह की जनजातियों के साथ वार्ताओं तथा जनजागरूकता का अभाव

अतः भारत को A&N की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए शेकटकर समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखकर आवश्यक तीव्र अवसंरचना तथा क्षमता निर्माण पर जोर देना चाहिए।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ मत लिखें)

20. India has recently commissioned the world's first large International Liquid-Mirror Telescope (ILMT). How will the newly commissioned telescope aid in India's astronomical observations and research? (250 words) 15

हाल ही में, भारत ने विश्व का पहला विशाल इंटरनेशनल लिक्विड-मिरर टेलीस्कोप (ILMT) स्थापित किया है। यह नवनिर्मित टेलीस्कोप खगोलीय पर्यवेक्षणों और अनुसंधान में भारत की किस प्रकार सहायता करेगा?